No. of Printed Pages : 4

Serial No.

# FOXBAT – 51
# 2023
## सामान्य हिन्दी
## GENERAL HINDI

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 150

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 150

**उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें :**

(i) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(ii) **प्रत्येक** प्रश्न के अंत में निर्धारित अंक अंकित हैं ।

(iii) पत्र, प्रार्थना पत्र या किसी अन्य प्रश्न के उत्तर के साथ अपना अथवा अन्य किसी का नाम, पता (प्रश्नपत्र में दिये गये नाम, पदनाम आदि को छोड़कर) एवं अनुक्रमांक न लिखें । आवश्यक होने पर क, ख, ग का उल्लेख कर सकते हैं ।

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :**

(i) **All** questions are **compulsory**.

(ii) Marks are given against **each** of the question.

(iii) Do not write your or another's name, address (excluding those name, designation etc. given in the question paper) and roll no. with letter, application or any other question. You can mention क, ख, ग if necessary.

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

हमारा सांसारिक जीवन एक-न-एक दिन खत्म होगा ही लेकिन हमें स्मरण रखना चाहिए कि हमारी देह एक मशाल है जो निरंतर संसार को, समाज को आलोकित कर उसका मार्गदर्शन कर सकती है । यानी हमारा यह जीवन निष्प्रयोजन नहीं होना चाहिए, समाज के लिए हमें एक कर्मठ एवं ओजस्वी जीवन का अभिलाषी होना चाहिए । हमें असहाय, निर्बलों का संबल बनना चाहिए, हमारा संपूर्ण सांसारिक जीवन किसी उत्तम लक्ष्य की प्राप्ति में व्यतीत होना चाहिए कि हम इस संसार से जाएँ तो लोग हमें स्मरण कर सकें । हमारे जीवन का लक्ष्य सत्कर्म है और सत्कर्म हमारी देह के माध्यम से

ही हो सकता है । हम हमारे कार्यों को अपनी देह के संचालन के द्वारा ही तो संपादित करते हैं । यदि हमारे कार्य इतने संकीर्ण हों, केवल अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए हों तो फिर देह हमारे घर में जल रहे एक दीपक की तरह ही होगी जिसके प्रकाश का लाभ केवल हमें ही मिलेगा । किंतु यदि हम लोकहित के कार्यों में संलग्न हैं तो समझिए कि हमारी देह एक मशाल की तरह है जिसकी रोशनी से दूसरे न केवल प्रभावित हैं बल्कि प्रेरित भी हैं । मशाल में वह ताकत है कि दूसरों में उत्साह भर कर अन्य मशालों को आमंत्रित कर सकती है और अन्याय–उत्पीड़न रूपी अंधकार में विरोध का, आजादी का, नये परिवर्तन का प्रकाश फैला सकती है ।

(क) उपरि लिखित गद्य का आशय अपने शब्दों में लिखिए । **5**

(ख) 'जीवन निष्प्रयोजन नहीं होना चाहिए' से क्या अभिप्रेत है ? **5**

(ग) गद्यांश की रेखांकित पंक्तियों की व्याख्या अपने शब्दों में कीजिए । **20**

2. नैतिकता हमारे लिए सामाजिक मानदंड उपस्थित करती है क्योंकि यह उचित और अनुचित का ज्ञान कराती है । नैतिक नियमों में चरित्र–निर्माण की महत्ता पर जोर दिया जाता है और उन्हें माननेवाले कर्तव्य की भावना से प्रेरित होकर व्यवहार करते हैं । नैतिकता महज इसलिए नहीं मानी जाती कि पूर्वज भी ऐसा मानते आए हैं, बल्कि वह इसलिए मानी जाती है क्योंकि इसके पीछे न्याय, पवित्रता, औचित्य व दृढ़ता होती है । नैतिकता आत्म–चेतना से प्रेरित होती है । रूढ़ियाँ तो तर्कपूर्ण नहीं होती, किंतु नैतिकता का आधार मनुष्य के जीवन–मूल्य होते हैं जिनके अनुसार वे तर्कों का निर्माण कर लेते हैं । नैतिकता रूढ़ियों व जनरीतियों की अपेक्षा स्थायित्व लिए रहती हैं । नैतिकता का एक और अर्थ हो सकता है, जिसका संबंध एक समूह–विशिष्ट से होता है, जैसे, डॉक्टरों की नैतिकता, प्राध्यापकों की नैतिकता आदि । यह आचारशास्त्र के निकट है । धर्म अक्सर नैतिक सिद्धांतों का समर्थन करता है । नैतिक सिद्धांतों का परिपालन धर्म के भय के कारण होता है, क्योंकि बहुत से नीति–नियमों की उत्पत्ति धर्म से बतलायी गयी है । भारत में कर्म, पुनर्जन्म एवं स्वर्ग–नरक की अवधारणाएँ धर्म द्वारा प्रतिपादित हैं । ये अवधारणाएँ सुव्यवस्थित सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने में सहायक होती हैं । यदि व्यक्ति नैतिकता का पालन नहीं करता है तो उसको अपराधी माना जाता है, जबकि धर्म का पालन न करने पर वह पाप का भागी बनता है । आवश्यक नहीं कि सभी प्रकार के नैतिक व्यवहारों की प्रकृति धार्मिक हो ।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । **5**

(ख) धर्म और नैतिकता का संबंध स्पष्ट कीजिए । **5**

(ग) गद्यांश का संक्षेपण (लगभग–एक तिहाई शब्दों में) कीजिए । **20**

3. (क) जिला कलेक्टर की ओर से मंडल आयुक्त को एक पत्र लिखिए । इस पत्र में राज्य सरकार द्वारा घोषित 'स्वच्छता-सप्ताह' के दौरान जिले में किये गये विविध कार्यों का विवरण हो । **10**

(ख) जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से एक आदेश जारी कीजिए । जिसमें श्री राम सिंह, व्याख्याता, गणित, उच्च माध्यमिक विद्यालय 'क' नगर को उच्च माध्यमिक विद्यालय, 'ख' नगर में तत्काल प्रभाव से दो माह की प्रतिनियुक्ति हेतु आदेशित किया गया हो । **10**

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए । **10**

मसृण, त्याज्य, उद्धत, ज्ञेय, पाच्य, प्रखर, धृष्ट, संघटन, अभिज्ञ, अनिवार्य

5. (क) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्गों का निर्देश कीजिए । **5**

पर्यटन, प्रतीक्षा, अन्वेषण, निरूपण, अध्यक्ष

(ख) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्ययों को पृथक् कीजिए । **5**

वैष्णव, ग्रामीण, वाणिज्य, गड़रिया, कौन्तेय

6. निम्नलिखित वाक्यांशों या पदबंधों के लिए **एक-एक** शब्द लिखिए । **10**

(1) अनिश्चित जीविका ।

(2) बच्चों से लेकर बूढ़ों तक ।

(3) चार अंगों वाली सेना ।

(4) पेट की आग ।

(5) दूसरों के दोष निकालने की जिसकी प्रवृत्ति हो ।

7. (क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए । **5**

(1) जीवन और साहित्य का घोर संबंध है ।

(2) इतने में हल्की सी हवा का झोंका आया ।

(3) जंगली फल और झरनों का पानी पीकर हम आगे बढ़े ।

(4) सीता ने माला गूँध ली ।

(5) उसने अपने पाँव से जूता निकाला ।

(ख) निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए । **5**

वाल्मीकी, अन्ताक्षरी, संग्रहीत, हृष्ट पुष्ट, धुरंदर

8. निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए और उनका वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाये। 10+20=30

(1) बिल्ली के गले में घंटी बाँधना ।

(2) कुएँ में भाँग पड़ना ।

(3) उड़ती चिड़िया के पंख गिनना ।

(4) बहती गंगा में हाथ धोना ।

(5) डेढ़ चावल की खिचड़ी पकाना ।

(6) दमड़ी की हाँड़ी गई कुत्ते की जात पहचानी गई ।

(7) नाच न जाने आँगन टेढ़ा ।

(8) थोथा चना बाजे घना ।

(9) छछूँदर के सिर में चमेली का तेल ।

(10) जहाँ देखे तवा परात वहीं गुजारे सारी रात ।

SEAL

SEAL

No. of Printed Pages : 2

Serial No.

# FOXBAT – 52
# 2023
## निबंध
## ESSAY

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 150

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 150

विशेष अनुदेश : (i) प्रश्न–पत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड से केवल एक–एक विषय का चयन कर कुल **तीन** निबन्ध **हिन्दी** अथवा **अंग्रेजी** अथवा उर्दू भाषा में लिखिए ।

(ii) **प्रत्येक** निबन्ध में कुल प्रयुक्त शब्दों की अधिकतम सीमा **700** शब्दों की है ।

(iii) **प्रत्येक** निबन्ध के लिए **50** अंक निर्धारित हैं ।

**Specific Instructions :** (i) The question paper is divided into three Sections. Write three essays in **Hindi** or **English** or **Urdu** language, selecting **one** topic from **each** Section.

(ii) Maximum word limit of **each** Essay is **700**.

(iii) **Each** essay carries **50** marks.

### खण्ड – अ/SECTION – A

1. चरित्र निर्माण में साहित्य की भूमिका ।
   Role of literature in character building.

2. महानगरों में वृद्धों की समस्या ।
   The problem of old peoples in metropolitan cities.

3. भारत के लिए जी-20 के नेतृत्व के निहितार्थ ।
   Meaning of G-20 leadership for India. **50**

## खण्ड – ब/SECTION – B

1. अंतरिक्ष विज्ञान और भारत ।
   Space science and India.

2. कृषि क्षेत्र में नयी संभावनाएँ ।
   New possibilities in the agricultural sector.

3. भूमण्डलीकरण और कुटीर उद्योग ।
   Globalization and cottage industry. **50**

## खण्ड – क/SECTION – C

1. श्रीलंका में आये आर्थिक संकट का पूरे विश्व पर प्रभाव ।
   The effect of economic crisis in Sri Lanka on whole world.

2. पिघलते ग्लेशियरों का मनुष्य जाति के सामने संकट ।
   Melting glaciers danger for human beings.

3. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान ।
   P.M. Annadata Aay Sanrakshan Abhiyan. **50**

SEAL

No. of Printed Pages : 3

Serial No.

# FOXBAT – 53
# 2023

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – I)
## GENERAL STUDIES (PAPER – I)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :** (i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड–अ से **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा खण्ड–ब से **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा **200** निर्धारित हैं । जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी दोनों** में छपे हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को **ध्यान** में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए **कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: **काट** दें ।

**Specific Instructions :** (i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with **word limit** of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with **word limit** of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) The number of marks carried by a **question/part** is indicated against it.

(iv) Keep the word limit indicated in the questions in **mind**.

(v) **Any** page or portion of the page **left blank** in the answer booklet must be **clearly struck off**.

## खण्ड – अ/SECTION – A

1. वैदिक साहित्य का परिचय दीजिए । **8**
Give an account of the Vedic literature.

2. आधुनिक शिक्षा में सर सैयद अहमद खान के योगदान पर एक टिप्पणी लिखिए । **8**
Write a note on the contribution of Sir Syed Ahmad Khan in modern education.

3. स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत भारत के एकीकरण में सरदार पटेल की भूमिका की विवेचना कीजिए । **8**
Discuss the role of Sardar Patel in the unification of India after independence.

4. क्षेत्रवाद भारत के विकास में किस प्रकार की बाधाएँ उत्पन्न करता हैं ? **8**
What kind of hindrances do regionalism create in the development of India ?

5. 'बेरोजगारी भारत में व्याप्त निर्धनता का एक मात्र कारण हैं' । टिप्पणी कीजिए । **8**
'Unemployment is the only cause for the prevalent poverty in India' – Comment.

6. क्या आप सहमत है कि भारत में महिलाओं के प्रति अपराध में वृद्धि हो रही है ? **8**
Do you agree with the statement that crime against women in India is increasing ?

7. 'महासागर संसाधनों का भंडार है ।' – संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **8**
'Oceans are the store-house of resources.' – Write a short note.

8. कृषि में मृदा प्रोफाइल एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है । क्या आप सहमत हैं ? **8**
Soil profile plays an important role in agriculture. Do you agree ?

9. दक्षिण एशिया में रोहिंग्या शरणार्थी पर प्रकाश डालिए । **8**
Throw light on Rohingya refugee in South Asia.

10. नौ नम्बर चैनल के सामरिक महत्व पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **8**
Write a short note on Nine Number channel and its strategic importance.

## खण्ड – ब/SECTION – B

11. नागर शैली के मंदिरों की वास्तुकला विशेषताओं का वर्णन कीजिए । **12**
Describe the architectural features of the temples of Nagar style.

12. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के वैचारिक आयामों को रेखांकित कीजिए । **12**
Underline ideological dimensions of the uprising of 1857.

13. जर्मनी के एकीकरण में बिस्मार्क की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए । **12**
Evaluate the role of Bismarck in the unification of Germany.

14. कोरोना महामारी काल में भारतीय संस्कृति ने विश्व को किस प्रकार से प्रभावित किया ? **12**
How did Indian culture affect the world during Corona pandemic period ?

15. महिला सशक्तिकरण में महिला संगठनों की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए । **12**
Evaluate the role of woman organisations in woman empowerment.

16. शहरीकरण की प्रक्रिया समाज के लिए विकास या विनाश है । अपना मत लिखिए । **12**
The process of urbanization leads to development or devastation in the society. Write your views.

17. भारत में आन्तरिक मानव प्रवास के कारणों एवं परिणामों की व्याख्या कीजिए । **12**
Discuss the causes and consequences of internal human migration in India.

18. भारत में एल नीनो और दक्षिण–पश्चिम मानसून के बीच संबंधों की व्याख्या कीजिए और उसके कृषि पर प्रभाव बताइए । **12**
Discuss the relationship between El Nino and south-east monsoon in India and its impact on agriculture.

19. शीतोष्ण चक्रवात पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । यह भारत को कैसे प्रभावित करता है ? **12**
Write a short note on temperate cyclones. How it impacts India ?

20. भारत की खनिज विकास नीति की व्याख्या कीजिए । **12**
Discuss India's mineral development policy.

---

No. of Printed Pages : 3

Serial No.

# FOXBAT – 54
# 2023

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – II)
## GENERAL STUDIES (PAPER – II)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 200**

**विशेष अनुदेश :** (i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं। खण्ड–अ से **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा खण्ड–ब से **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा **200** निर्धारित हैं। जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी दोनों** में छपे हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को ध्यान में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए **कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: काट दें ।

**Specific Instructions :** (i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

(iv) Keep the word limit indicated in the questions in mind.

(v) **Any** page or portion of the page left blank in the answer booklet must be clearly struck off.

### खण्ड – अ/SECTION – A

1. प्रस्तावना को भारतीय संविधान का दर्शन क्यों कहा जाता है ? **8**
   Why the Preamble is called the Philosophy of the Indian Constitution ?

2. 42 वें भारतीय संशोधन को संविधान का पुन: लेखन क्यों कहा जाता है ? **8**
   Why the $42^{nd}$ Amendment is called a revision of the Indian Constitution ?

3. न्यायिक सक्रियता के तीन दोषों का वर्णन कीजिए। **8**
Mention three demerits of Judicial Activism.

4. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 72 के अंतर्गत राज्यपाल की क्षमादान का अधिकार राष्ट्रपति की अधिकार से किस प्रकार भिन्न है ? **8**
How the power of Governor to Pardon is different from the power of the President under Article 72 of the Indian Constitution ?

5. "पारदर्शिता एवं जवाबदेही एक दूसरे के पूरक है।" टिप्पणी कीजिए। **8**
"Transparency and Accountability are complementary to each other." Comment.

6. स्वयं सहायता समूह की संरचना और उनके कार्यों पर एक विश्लेषणात्मक टिप्पणी कीजिए। **8**
Write a analytical note on Self Help Group's composition and their functions.

7. "सरकारी सेवा देने के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आई.सी.टी.) एक अनुप्रयोग है।" व्याख्या कीजिए। **8**
"The application of Information and Communication Technology (I.C.T.) is for delivering government service." Discuss.

8. 'सार्क' की असफलता ने भारत को 'बिम्सटेक' (BIMSTEC) को सशक्त बनाने के लिए बाध्य किया। विवेचना कीजिए। **8**
The failure of 'SAARC' forced India to strengthen 'BIMSTEC'. Explain.

9. 'क्वाड' में भारत की भागीदारी के औचित्य की विवेचना कीजिए। **8**
Explain the rationale behind India's involvement in QUAD.

10. समूह –20 (G-20) में भारत की अध्यक्षता का क्या महत्व है ? विवेचना कीजिए। **8**
What is the significance of India's Presidency in G-20 ? Discuss.

## खण्ड – ब/SECTION – B

11. प्रधानमंत्री की बढ़ती शक्तियों और भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण करें। अन्य संस्थाओं पर इसका कैसे प्रभाव पडता है ? **12**
Critically examine the increasing powers and role of Prime Minister. How does it impact other institutions ?

12. भारत में संघीय ढ़ाँचा विभिन्न राज्यों की विविध आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को कैसे समायोजित करता है ? क्या इसके सम्मुख कुछ चुनौतियाँ भी है, यदि है, तो उसका समाधान कैसे किया जाता है ? **12**
How does the federal structure in India accommodates the diverse needs and aspiration of different states ? Are there any challenges, if yes, then how are they addressed ?

13. विवादों के समाधान के लिए, हाल के वर्षों में कौन-से वैकल्पिक तंत्र उभरे है ? वे कितने प्रभावी सिद्ध हुए है ? **12**
What alternative mechanism of dispute resolution have emerged in recent years ? How far have they been effective ?

14. उत्तर प्रदेश की विधान सभा में विधि–निर्माण प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। **12**
Describe the law-making process in the Legislative Assembly of Uttar Pradesh.

15. भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सुदृढ़ीकरण में सिविल सेवकों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। **12**
Clarify the role of Civil Servants in strengthening the democratic process in India.

16. उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबन्धन से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं की व्याख्या कीजिए। **12**
Discuss the various aspects relating to the management of Health Services in the State of Uttar Pradesh.

17. नागरिक अधिकार पत्र क्या है ? नागरिकों के कल्याण में इसकी क्या भूमिका है ? **12**
What is Citizen's Charter ? What is its role in Welfare of Citizens ?

18. 'भारत विश्व नेतृत्व के लिए तत्पर है।' इस कथन की विवेचना कीजिए। **12**
'India is ready for the World leadership'. Analyse this Comment.

19. भारतीय प्रवासी किस प्रकार अमेरिका में राष्ट्रीय हितों के संवर्द्धन में परिसम्पत्ति के रूप में उभरे है ? विवेचना कीजिए। **12**
How the Indian diaspora has emerged as an asset in the protection of national interest in America ? Analyse it.

20. 'वर्तमान में भारत–पाक सम्बन्ध एक छलावा है।' उन अन्तर्निहित समस्याओं को स्पष्ट कीजिए जो भारत-पाक सम्बन्धों में बार–बार कटुता उत्पन्न करती है। **12**
'Indo-Pak relations are illusion at present'. Discuss the inherent problems that bitters India-Pak relations repeatedly.

No. of Printed Pages : 4

Serial No.

# FOXBAT – 55
# 2023

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – III)
## GENERAL STUDIES (PAPER – III)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 200**

**विशेष अनुदेश :**

(i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड–अ से **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा खण्ड–ब से **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द–सीमा **200** निर्धारित हैं । जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी दोनों** में छपे हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को **ध्यान** में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए **कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: **काट** दें ।

**Specific Instructions :**

(i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

(iv) Keep the word limit indicated in the questions in mind.

(v) **Any** page or portion of the page **left blank** in the answer booklet must be **clearly struck off**.

## खण्ड – अ/SECTION – A

1. खाद्य प्रसंस्करण और सम्बंधित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के सम्बन्ध में भारत सरकार की नीतियों का मूल्यांकन कीजिये । **8**

Evaluate the policies of the Government of India regarding the promotion of food processing and related industries.

2. किसानों की सहायता के लिए ई-तकनीक के प्रयोग के निहितार्थों को समझाइये । **8**

Explain the implications of using E-technology to help the farmers.

3. भारत में भूमि सुधारों के क्रियान्वयन में प्रमुख चुनौतियाँ कौन-सी हैं ? इन चुनौतियों के निस्तारण हेतु सुझाव दीजिये । **8**

What are the important challenges faced in the implementation of land reforms in India ? Give your suggestions to remove these challenges.

4. भारत सरकार के बजट बनाने की प्रक्रिया समझाइये । योजना व्यय एवं गैर योजना व्यय में अन्तर स्पष्ट कीजिये । **8**

Explain the budget making process of the Government of India. Also explain the difference between plan expenditure and non-plan expenditure.

5. ''एक देश के आर्थिक विकास में आधारभूत संरचना महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।'' विवेचना कीजिये । **8**

"Infrastructure plays an important role in the economic development of a country." Discuss.

6. 'ब्लड मून' (Blood moon) किसे कहते हैं ? यह कब होता है ? **8**

What is 'Blood moon' ? When does it happen ?

7. भारत के चन्द्रमा मिशन कार्यक्रम 'चन्द्रयान-3' के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ? **8**

What are the key objectives of India's moon mission program 'Chandrayaan-3' ?

8. साइबर अपराधों से देश की सुरक्षा को बड़ा खतरा है । इन अपराधों से देश को कैसे बचाया जा सकता है ? **8**

Cyber crimes are a big threat to national security. How can a country be protected from these crimes ?

9. भारतीय सुरक्षा बलों को अधिक सशक्त कैसे बनाया जा सकता है ? अपने सुझाव दीजिये । **8**
How can India's security forces be strengthened ? Give your suggestions.

10. आणविक प्रसार के मुद्दों पर भारत का दृष्टिकोण क्या है ? स्पष्ट कीजिये । **8**
What is India's stand on the issues of nuclear proliferation ? Explain.

## खण्ड – ब/SECTION – B

11. नीति आयोग के प्रमुख उद्देश्य बताइये । नीति आयोग के सिद्धान्त और कार्य किस प्रकार योजना आयोग से भिन्न हैं ? टिप्पणी कीजिये । **12**
State the important objectives of NITI Aayog. How are the principles and functions of NITI Aayog different from those of the planning commission ? Comment.

12. समावेशी विकास की अवधारणा समझाइये । भारत में समावेशी विकास के क्या मुद्दे एवं चुनौतियाँ हैं ? स्पष्ट कीजिए । **12**
Explain the concept of inclusive growth. What are the issues and challenges with inclusive growth in India ? Explain.

13. 'सतत विकास लक्ष्यों' को प्राप्त करने के लिए भारत में किये जा रहे विभिन्न प्रयासों का वर्णन कीजिये । **12**
Describe the various efforts being made in India to achieve the 'Sustainable Development Goals'.

14. ''खाद्य सुरक्षा हेतु विभिन्न उपायों के बावजूद वृहत चुनौतियाँ बनी हुई हैं ।'' भारत के सन्दर्भ में व्याख्या कीजिए । **12**
"Despite various measures to address food security, major challenges remain." Explain with reference to India.

15. ''सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी. डी. एस.) ने सिद्ध किया है कि वह वर्षों से कीमतों के स्थिरीकरण तथा उपभोक्ता की पहुँच वाली कीमतों पर खाद्यान्न उपलब्ध करवाने में सरकार की नीतियों का सबसे महत्वपूर्ण अस्त्र रहा है ।'' कथन की व्याख्या कीजिये । **12**
"The Public Distribution System (PDS) has proved to be the most effective instrument of Government policy over the years in stabilizing prices and making food available to consumers at affordable prices." Explain the statement.

16. भारत में ऊर्जा संसाधनों की लगातार बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ? विशेष रूप से अक्षय एवं टिकाऊ ऊर्जा संसाधनों के सन्दर्भ में चर्चा कीजिए । 12

What steps are being taken to meet the continuously increasing demand of energy resources in India ? Discuss with special reference to renewable and sustainable energy resources.

17. जैव प्रौद्योगिकी में भारत की मुख्य उपलब्धियाँ कौन-सी हैं ? इनसे समाज के गरीब वर्ग के उत्थान में कैसे मदद मिलेगी ? 12

What are India's main achievements in biotechnology ? How will these help in the upliftment of poor sections of society ?

18. प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं में अन्तर स्पष्ट करें । साथ ही, भारत में आपदा प्रबन्धन प्रणाली की प्रभावशीलता स्पष्ट करें । 12

Distinguish between natural and manmade disasters. Also, elucidate the effectiveness of the disaster management system in India.

19. ''अवैध धन स्थानान्तरण देश की आर्थिक प्रभुसत्ता के लिए गम्भीर खतरा है । सूचना और संचार प्रौद्योगिकी ने इसे ज्यादा चुनौतिपूर्ण बना दिया है ।'' व्याख्या कीजिए । 12

"Money laundering poses a serious threat to a country's economic sovereignty. Information and communication technology has made it more challenging." Explain.

20. भारत तथा विश्व में मीडिया से क्या सकारात्मक व नकारात्मक परिवर्तन हुए है ? राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा में मीडिया का क्या योगदान है ? 12

What positive and negative changes occured due to the media revolution in India and around the world ? Explain the role of media in national and international security.

---

SEAL

SEAL

No. of Printed Pages : 4

Serial No.

# FOXBAT – 56
# 2023

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – IV)
## GENERAL STUDIES (PAPER – IV)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 200**

**विशेष अनुदेश :** (i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड–अ से **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा खण्ड–ब से **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा **200** निर्धारित हैं । जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी दोनों** में छपे हैं ।
(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।
(iii) **प्रत्येक** प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।
(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को ध्यान में रखें।
(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए **कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: काट दें।

**Specific Instructions :** (i) There are **20** questions. Section-**A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.
(ii) **All** questions are **compulsory**.
(iii) The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
(iv) Keep the word limit indicated in the questions in mind.
(v) **Any** page or portion of the page left blank in the answer booklet must be clearly struck off.

### खण्ड – अ/SECTION – A

1. नैतिक अन्तर्दृष्टि से आप क्या समझते हैं ? लोकसेवकों की नैतिक परिस्थिति में यह किस प्रकार सहायक है ? **8**
What do you understand by Moral insight ? How does it help in Moral situation of civil servants ?

2. सिविल सेवा के सन्दर्भ में निम्नलिखित की प्रासंगिकता का परीक्षण कीजिए।
   अ) सेवा भाव
   ब) दृढ़ विश्वास का साहस । **8**

   Examine the relevance of the following in the context of civil service.
   a) Spirit of service
   b) Courage of firm conviction.

3. "बालक अपने चतुर्दिक जो देखता है, उससे मूल्यों को सीखता है" – इस कथन के आलोक में मूल्यों के निर्माण में परिवार और समाज की भूमिका की विवेचना कीजिए । **8**

   "A child learns values by what he observes around him". Discuss the role of family and society in the formation of values in the light of this statement.

4. "वैश्वीकरण के युग में राष्ट्रों के मध्य शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय नीतिशास्त्र समय की मांग है।" , आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए । **8**

   "In the era of Globalization International ethics is the need of hour for ensuring peace and stability among the nations". Explain critically.

5. "सूचना का छिपाव सार्वजनिक पहुंच और भागीदारी को बाधित करता है। ", – इस कथन के आलोक में सरकार में सूचना साझा करने और पारदर्शिता के महत्व पर चर्चा करें । **8**

   "Concealment of Information impedes public access and involvement". In the light of this statement discuss the importance of information sharing and transparency in Government.

6. अभिवृत्ति के विभिन्न अवयवों का वर्णन कीजिए तथा अभिवृत्ति निर्माण को प्रभावित करने वाले कारकों का विवेचन कीजिए । **8**

   Describe various components of attitude and discuss factors that influence attitude formation.

7. किन्हीं दो महत्वपूर्ण गुणों की विवेचना कीजिए जिन्हें आप लोक-सेवक के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। तर्कसंगत व्याख्या कीजिए । **8**

   Discuss any two important attributes which you consider important for public servant. Justify your answer.

8. सिविल सेवकों के बीच उदारता और वस्तुनिष्ठता को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है ? अपना सुझाव दीजिए । **8**

   How can liberality and objectivity be fostered among civil servants ? Give your suggestion.

9. सुशासन और प्रशासन के लिए संवेगात्मक बुद्धि की भूमिका की व्याख्या कीजिए । **8**
Explain the role of emotional intelligence for good governance and administration.

10. लोक प्रशासन में सामाजिक प्रभाव की क्या भूमिका है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । **8**
What is the role of social influence in public administration ? Elucidate with examples.

## खण्ड – ब/SECTION – B

11. नैतिक शासन व्यवस्था से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । **12**
What do you understand by Ethical Governance ? Elucidate with example.

12. "सार्वजनिक नीतियां बनाते समय एक सिविल सेवक को केवल जनता की भलाई पर ध्यान देना चाहिए और उन नीतियों को लागू करते समय उसमें संभावित अनपेक्षित परिणामों का अनुमान लगाने की दूरदर्शिता होनी चाहिए ।" – क्या आप इस कथन से सहमत है ? अपने उत्तर के लिए युक्ति तथा प्रमाण प्रस्तुत कीजिए । **12**
While formulating public policies a civil servant must safely focus on the public welfare and while implementing those policies he must have a foresight to infer possible unexpected consequences". Do you agree with this statement ? Give arguments and justifications for your answer.

13. क्या भगवद्गीता लोकसेवकों की नैतिक मार्गदर्शिका हो सकती है ? टिप्पणी कीजिए । **12**
Can Bhagavadgita be an ethical guide for civil servants ? Comment.

14. नीतिशास्त्र में मानवकर्म से क्या तात्पर्य है ? मानवकर्म में नैतिकता के निर्धारक और परिणाम की विवेचना कीजिए । **12**
What is meant by Human Action in Ethics ? Discuss the determinants and consequences of ethics in Human Action.

15. राजीव एक आदर्शवादी है । उसका विश्वास है कि "मानवता की सेवा ईश्वर की सेवा है ।" एक दिन वह सरकारी नौकरी के लिए साक्षात्कार देने जा रहा था । उसने सड़क पर एक व्यक्ति को गम्भीर रूप से घायल अवस्था में पड़े देखा जो सहायता मांग रहा था । कोई सहायता के लिए सामने नहीं आया । राजीव घायल व्यक्ति को अस्पताल ले गया और उसके जीवन की रक्षा की । लेकिन इस कारण उसने सरकारी नौकरी प्राप्त करने के अवसर को खो दिया । उपर्युक्त परिस्थिति के प्रकाश में राजीव के निर्णय पर टिप्पणी कीजिए । **12**
Rajeev is an idealist. He believes that, "Service to humanity is service to God". One day he was going for an interview for government Job. He saw a severely injured person lying on the road who was asking for help. No one came forward to help. Rajeev took the injured person to the hospital and saved his life. But due to this reason, he lost the opportunity to get a government Job. Comment on Rajeev's decision in the light of above circumstance.

16. लोक जीवन के मुख्य सिद्धान्त क्या हैं ? उपयुक्त उदाहरण के साथ समझाइये। **12**

What are the major principles of public life ? Discuss with suitable examples.

17. वर्तमान समय में सोशल मीडिया का उपयोग जनता की राय को सकारात्मक या नकारात्मक तरीके से प्रभावित करने के लिए किया जाता है। एक लोकसेवक होने के नाते आप इस मुद्दे का समाधान कैसे करेंगे ? **12**

Now a days social media is used to influence public opinion either in positive or in negative way. Being a civil servant, how will you solve this issue ?

18. "ज्ञान के अभाव में सत्यनिष्ठा कमजोर एवं बेकार है लेकिन सत्यनिष्ठा के अभाव में ज्ञान खतरनाक एवं भयानक है"– इस कथन से आप क्या समझते हैं ? समझाइये । **12**

"Integrity without knowledge is weak and useless, but knowledge without integrity is dangerous and terrible". What do you understand by this statement ? Discuss.

19. "लोकसेवक के द्वारा कर्तव्य निर्वहण न करना एक प्रकार का भ्रष्टाचार है।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? तर्कसंगत व्याख्या कीजिए। **1**

"Non-performance of duty by a public servant is a type of corruption". Do you agree with this statement ? Explain logically.

20. उन रणनीतियों का वर्णन करें जो सिविल सेवक परिवर्तन के प्रति प्रतिरोध को दूर करने के लिए नियोजित कर सकते हैं और नई नीतियों तथा पहलों का समर्थन करने के लिए हितधारकों को प्रभावी ढंग से राजी कर सकते हैं। **12**

Describe the strategies that civil servants can employ to overcome resistance to change and effectively persuade stakeholders to support new policies and initiatives.

No. of Printed Pages : 3

Serial No.

# FOXBAT – 57
# 2023

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – V)
## GENERAL STUDIES (PAPER – V)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 200**

**विशेष अनुदेश :** (i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड–अ में **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा खण्ड–ब में **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द–सीमा **200** निर्धारित हैं । **सभी** प्रश्न **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को **ध्यान** में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए **कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: **काट** दें ।

**Specific Instructions :** (i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. **All** questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

(iv) Keep in mind the word limit indicated in the questions.

(v) **Any** page or portion of the page **left blank** in the answer booklet must be **clearly struck off**.

### खण्ड – अ/SECTION – A

1. उत्तर प्रदेश में महाधिवक्ता के नियुक्ति की प्रक्रिया तथा उसके कार्यों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । **8**
Critically examine the process of appointment of the Advocate General and his functions in Uttar Pradesh.

2. उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय दलों की प्रकृति की विवेचना कीजिए । राज्य राजनीति में उनके महत्व पर प्रकाश डालिए । **8**

Discuss the nature of regional parties in Uttar Pradesh. Throw light on their importance in the politics of state.

3. उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायत विकास योजना (जी.पी.डी.पी.) के निर्माण के प्रमुख चरणों का वर्णन कीजिए । **8**

Describe the major stages in the formulation of Gram Panchayat Development Plan (GPDP) in Uttar Pradesh.

4. उत्तर प्रदेश में पर्यटन की बृहत्तर संभावनाओं पर प्रकाश डालिए । **8**

Highlight the greater possibilities of tourism in Uttar Pradesh.

5. उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा चुनौतियों की व्याख्या कीजिए । **8**

Explain the security challenges in the border areas of Uttar Pradesh.

6. आगरा के स्मारकों की वास्तुगत विशेषताओं की विवेचना कीजिए । **8**

Discuss the architectural features of the monuments of Agra.

7. उत्तर प्रदेश में हड़प्पा सभ्यता से संबंधित पुरास्थलों की पहचान कीजिए । **8**

Identify the sites related to Harappan Civilization in Uttar Pradesh.

8. असहयोग आन्दोलन के दौरान उत्तर प्रदेश के भूमिका की विवेचना कीजिए । **8**

Discuss the role of Uttar Pradesh during the Non-cooperation Movement.

9. उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति–2021 के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ? विवेचना कीजिए । **8**

What are the key objectives of the Uttar Pradesh Data Centre Policy-2021 ? Discuss.

10. प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को आदर्श विद्यालयों में बदलने के प्रयासों में 'आपरेशन कायाकल्प' कितना महत्वपूर्ण रहा है ? विश्लेषण कीजिए । **8**

How much has the 'Operation Kayakalp' been significant in the efforts of converting the primary and upper primary schools into model schools ? Analyse.

## खण्ड – ब/SECTION – B

11. उत्तर प्रदेश में भूमि सुधारों के विभिन्न चरणों की विवेचना कीजिए । भूमि सुधारों से भूमिहीन कृषि मजदूर कैसे लाभान्वित हुए ? **12**

Discuss the various stages of land reforms in Uttar Pradesh. How landless agricultural laboures were benefited from the land reforms ?

12. उत्तर प्रदेश के प्रशासन में मुख्य सचिव की भूमिका का परीक्षण कीजिए । **12**

Examine the role of the Chief Secretary in the administration of Uttar Pradesh.

13. उत्तर प्रदेश सरकार की ई.डिस्ट्रिक्ट परियोजना पर प्रकाश डालें । क्या यह उत्तर प्रदेश में ई.गवर्नेन्स की दिशा में एक अच्छी पहल है ? परीक्षण कीजिए । **12**

Throw light on the e.District Project of Uttar Pradesh government. Is it a good initiative in the direction of E.governance in Uttar Pradesh ? Examine.

14. ग्रामीण उत्तर प्रदेश में जाति पदानुक्रम तथा शक्ति संरचना किस प्रकार संसाधनों तथा अवसरों तक पहुँच को प्रभावित करते हैं ? विवेचना कीजिए । **12**

How do caste hierarchies and power structure affect access to resources and opportunities in rural Uttar Pradesh ? Discuss.

15. संगठित अपराध को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस 'स्पेशल टास्क फोर्स' की भूमिका का वर्णन कीजिए । **12**

Describe the role of Uttar Pradesh Police 'Special Task Force' in the prevention of the organized crime.

16. एक किसान नेता के रूप में बाबा रामचन्द्र की उपलब्धियों का विश्लेषण कीजिए । **12**

Analyse the achievements of Baba Ramchandra as a Peasant Leader.

17. 1857 के स्वातंत्र्य समर में उत्तर प्रदेश के योद्धाओं के योगदान पर प्रकाश डालिए । **12**

Throw light on the contributions of the warriors of Uttar Pradesh in the Freedom Struggle of 1857.

18. बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण स्थान है । व्याख्या कीजिए । **12**

Uttar Pradesh has an important place in the propagation of Buddhism. Explain.

19. उत्तर प्रदेश में स्थापित प्रथम आयुष विश्वविद्यालय के स्वरूप और उद्देश्यों की विवेचना कीजिए । **12**

Discuss the nature and objectives of the first Ayush University established in Uttar Pradesh.

20. उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य नीति 2018 के संदर्भ में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में राज्य सरकार के प्रयासों, पहलों और नीति निर्देशों का परीक्षण कीजिए । **12**

Examine state government's efforts, initiatives and policy directions in the medical and healthcare sphere with reference to Uttar Pradesh Health Policy 2018.

---

No. of Printed Pages : 3

Serial No.

# FOXBAT – 58
# 2023

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – VI)
## GENERAL STUDIES (PAPER – VI)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 200**

**विशेष अनुदेश :** (i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड – अ में **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा खण्ड – **ब** में **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा **200** निर्धारित हैं । **सभी** प्रश्न **हिन्दी** और **अंग्रेजी दोनों** में छपे हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को ध्यान में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए **कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: काट दें ।

**Specific Instructions :** (i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. **All** questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

(iv) Keep in mind the word limit indicated in the questions.

(v) **Any** page or portion of the page left blank in the answer booklet must be clearly struck off.

### खण्ड – अ/SECTION – A

लघु उत्तरीय प्रश्न/Short answer questions.

1. उत्तर प्रदेश की कृषि निर्यात नीति – 2019, राज्य में कृषि निर्यात गतिविधियों को कैसे मजबूती प्रदान करती है ? **8**

How does the Uttar Pradesh Agriculture Export Policy – 2019 strengthens the agricultural export activities in the State ?

2. उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक कॉरिडोर की मुख्य विशेषताएं क्या हैं ? **8**
What are the key features of the Uttar Pradesh Defence Industrial Corridor ?

3. उत्तर प्रदेश में निचली गंगा नहर प्रणाली की मुख्य विशेषताएं और महत्व क्या हैं ? **8**
What are the key features and significance of the Lower Ganga Canal System in Uttar Pradesh ?

4. उत्तर प्रदेश सरकार की एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के अंतर्गत कौशल विकास योजना क्या है ? **8**
What is the Skill Development Scheme under One District One Product Programme of the Government of Uttar Pradesh ?

5. उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उनके कल्याण के लिए प्रमुख योजनाएं क्या हैं ? **8**
What are the major schemes for Empowerment and Welfare of Divyaangjan in Uttar Pradesh ?

6. पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के प्रमुख लाभ क्या हैं ? **8**
What are the major benefits of the Poorvanchal Expressway Project ?

7. उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं क्या हैं ? **8**
What are the main features of the Uttar Pradesh Millets Revival Programme ?

8. उत्तर प्रदेश में भूजल के उपयोग से जुड़ी प्रमुख समस्याओं एवं चुनौतियों का उल्लेख करें । **8**
Mention the major problems and challenges associated with the utilization of the groundwater in Uttar Pradesh.

9. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के संदर्भ में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख दिशानिर्देश क्या हैं ? **8**
What are the major guidelines of Uttar Pradesh Government with reference to Plastic Waste Management ?

10. उत्तर प्रदेश सरकार का राज्य के स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र के संदर्भ में विज़न प्लान 2030 क्या है ? **8**
What is the Vision Plan 2030 of Uttar Pradesh Government with reference to the terrestrial ecosystem in the State ?

## खण्ड – ब/SECTION – B

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न/Long answer questions.

11. उत्तर प्रदेश में 2023-24 के बजट में बुनियादी ढ़ांचे के सुधार के लिए क्या प्रावधान किए गए हैं ? **12**
What provisions have been made in the budget of Uttar Pradesh for 2023-24 to improve its infrastructure ?

12. उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए हाल ही में क्या पहल की हैं ? **12**
What recent initiatives has the Government of Uttar Pradesh undertaken to attract investment in the State ?

13. राज्य में सामाजिक-वानिकी को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई प्रमुख पहल और रणनीतियाँ क्या हैं ? **12**
What are the key initiatives and strategies undertaken by the Government of Uttar Pradesh to promote social-forestry in the State ?

14. राज्य में बागवानी के विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रमुख सुविधाओं पर चर्चा करें । **12**
Discuss the major facilities offered by Government of Uttar Pradesh for development of horticulture in the State.

15. उत्तर प्रदेश में जैव-ऊर्जा विकास के लिए वर्तमान पहलों और भविष्य की संभावनाओं का आलोचनात्मक विश्लेषण करें । **12**
Critically analyse the current initiatives and future prospects for bio-energy development in Uttar Pradesh.

16. उत्तर प्रदेश में मौसम पूर्वानुमान के संदर्भ में मौसम विज्ञान केन्द्र, लखनऊ के महत्व को रेखांकित करें । **12**
Outline the importance of the Meteorological Centre, Lucknow with reference to weather forecasts in Uttar Pradesh.

17. उत्तर प्रदेश में जलवायु परिवर्तन पर राज्य कार्य योजना में शामिल मिशनों का विवरण प्रस्तुत करें । **12**
Present an account of the missions included in the State Action Plan on Climate Change in Uttar Pradesh.

18. उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र के वन्यजीव अभयारण्यों के पारिस्थितिक महत्व की व्याख्या करें । **12**
Explain the ecological importance of the Wildlife Sanctuaries in the Tarai region of Uttar Pradesh.

19. उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के औद्योगिक विकास में खनिजों के महत्व का विश्लेषण करें । **12**
Analyse the importance of minerals in industrial development of Bundelkhand region of Uttar Pradesh.

20. उत्तर प्रदेश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के नवाचार प्रोत्साहन कार्यक्रमों के प्रमुख उद्देश्य एवं लक्ष्य समूह क्या हैं ? **12**
What are the major objectives and target group in Innovation Promotion Programmes of the Council of Science and Technology in Uttar Pradesh ?

---